2020 - 21

# विविधा

(महाविद्यालयीन गतिविधियों का आईना....)




## निरंतर.....
## कोरोना काल में भी.....

**GOVT.PT. SHYAMACHARAN SHUKLA COLLEGE**
(Shankar Nagar) DHARSIWA, Dist - Raipur (C.G.)
Email Id - gcollegedharsiwa@gmail.com Web site - www. gpssc.in contact No. 9893043414

# विविधा

## वार्षिक पत्रिका

**सत्र 2020 – 21**

**संरक्षक**

डॉ. (श्रीमती) विनोद शर्मा

प्राचार्य

**संपादक एवं संयोजक**

पत्रिका समिति

डॉ. सी.एल.साहू

डॉ. रश्मि कुजुर (सदस्य)

श्रीमती कल्पना पाण्डेय (सदस्य)

शासकीय पं. श्यामाचरण शुक्ल महाविद्यालय

(शंकर नगर) धरसींवा, रायपुर (छत्तीसगढ़)

Email Id - gcollegedharsiwa@gmail.com Web site - www. gpssc.in contact No. 9893043414



# संपादकीय

जिस तरह साहित्य को समाज का दर्पण कहा गया है, ठीक उसी तरह किसी भी संस्था के मुखपत्र को उस संस्था का दर्पण कहा जा सकता है। दर्पण कभी झूठ नहीं बोलता, किसी भी व्यक्ति या वस्तु का प्रतिबिंब वही दिखाता है जो वह है। महाविद्यालय के दर्पण– रूपी हमारी वार्षिक पत्रिका 'विविधा' भी पूरे सत्र में आयोजित विभिन्न गतिविधियों तथा छात्र–छात्राओं एवं प्राध्यापकगण की सृजनशीलता का परिचायक है।


पिछले दो सत्रों से हम कोरोना जैसे महामारी से जूझ रहें हैं। यह हमारी जिवटता ही है, कि इस घोर संकट काल में भी अध्ययन–अध्यापन और अन्य महाविद्यालयीन गतिविधियाँ निर्बाध रूप से अनवरत जारी रही हैं। माध्यम भले ही बदल गये हैं लेकिन वही शिक्षक हैं और वही विद्यार्थी भी।

संकट काल में लोगों का बिखर जाना स्वाभाविक है। परन्तु हमने इसमें भी अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता और अध्ययन – अध्यापन कौशल को और बहेतर ढंग से तराशा है।

आज 'ऑनलाईन शिक्षण पद्धति' जैसे नवीनतम व सरलतम माध्यम का प्रयोग न केवल विद्यार्थी और शिक्षक दोनों ही बेहिचक कर रहे हैं। बल्कि पारंगत हो गये हैं कहना भी अतिश्योक्ति नहीं होगा।

प्रतिकूल परिस्थितियों में भी महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं विद्यार्थीयों ने अपनी रचनात्मकता व सहयोग से इस वर्ष भी 'विविधा' के नियमित प्रकाशन में अपना अमूल्य योगदान दिया, जिसके लिए सभी साधुवाद के पात्र हैं।

आप सभी के स्नेह के लिए पत्रिका सहर्ष प्रस्तुत है.............................................



**डॉ. सी.एल. साहू**
**सहायक प्राध्यापक एवं**
**विभागाध्यक्ष – हिन्दी**

**2020 - 21**

**प्राचार्य के कलम से ........................................................**



'ज्ञानिन तत्व दर्शितः' गीता के इस श्लोकांश में सृष्टि का संपूर्ण सहस्य समाया है। इसका अर्थ है – ज्ञानीजन तत्व का दर्शन करते हैं, सूक्ष्म का अवलोकन करते हैं। सूक्ष्म का दर्शन हमारी हर गतिविधि को संचालित करती है, वही हमें हर लक्ष्य को पाने का साहस एवं आत्मबल प्रदान करती है।

जानकारी जब परिपक्वता की ऊष्मा में तपती है, तब ज्ञान में परिवर्तित होती है। ज्ञान गुरूकृपा से, उनके अनुभव से एवं विनम्रता से बुद्धिमत्ता के रूप में स्थित हो जाता है। महाविद्यालय के विभिन्न संकायों के छात्र–छात्राओं ने अपने ज्ञान को लिपिबद्ध कर 'लेख' का आकार दिया है, जो आने वाले वर्षो में नवप्रवेशित विद्वार्थियों के लिए प्रदर्शित स्रोत बनेंगे। महाविद्यालय की पत्रिका छात्र–छात्राओं की अभिरूचि को विकसित एवं प्रदर्शित करने का सशक्त माध्यम होती है, महाविद्यालय में संचालित विभिन्न गतिविधियों का दर्पण होती है। पत्रिका महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं के सृजनात्मक, एवं कलात्मक पहलुओं को निखारती है तथा उन्हें स्वस्थ्य प्रतिस्पर्धा एवं अनुसंधान की ओर अग्रसर करने हेतु प्रेरित करती है।

पत्रिका के संपादक डॉ. सी.एल. साहू के अथक प्रयासों तथा समिति के सदस्यों विशेषतः निलेश व हरिश साहू के तकनिकी सहयोग ने इस पत्रिका में इन्द्रधनुषीय रंग बिखेरते हुए 'विविधा' नाम को सार्थकता दी है।

आशा है कि 'विविधा' का यह अंक सभी के लिए समान रूप से सार्थक व उपयोगी सिद्ध होगा।

शुभकामनाओं सहित ....................................



**( डॉ. श्रीमती विनोद भार्मा )**
**प्राचार्य**
**भाास पं. भयामाचरण भुाक्ल महाविद्यालय**
**धरसींवा रायपुर (छ.ग.)**

2020 - 21



**सुश्री अनुसुईया उइके**
**राज्यपाल छत्तीसगढ़**

सत्यमेव जयते

**राजभवन**
रायपुर - 492001
छत्तीसगढ़, भारत
फोन : +91-771-2331100
फोन : +91-771-2331105
फैक्स : +91-771-2331108

क्र./283/पीआरओ/रास/21
रायपुर, दिनांक 24 सितंबर 2021

**—: संदेश :—**

मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई कि शासकीय पं. श्यामाचरण शुक्ल महाविद्यालय धरसींवा, रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा वार्षिक पत्रिका **'विविधा'** का प्रकाशन किया जा रहा है।

महाविद्यालयीन पत्रिकाएं छात्र–छात्राओं के कौशल को मंच प्रदान करती हैं। मुझे विश्वास है कि यह पत्रिका महाविद्यालय के विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में सहायक सिद्ध होगी।

पत्रिका 'विविधा' के प्रकाशन पर मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

**(सुश्री अनुसुईया उइके)**

2020 - 21



**उमेश पटेल**
मंत्री
छत्तीसगढ़ शासन
उच्च शिक्षा, कौशल विकास,
तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार,
विज्ञान और प्रौद्योगिकी, खेल एवं युवा कल्याण विभाग

मंत्रालय कक्ष क्रमांक- M1-12
महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर 492002 (छ.ग.)
फोन : 0771-2510316, 2221316
नि. : D-1/2, शास. आवासीय परिसर, देवेन्द्र नगर, रायपुर
फोन : 0771-2881030
ग्राम व पोस्ट नंदेली, जिला-रायगढ़ कार्यालयः 7000477747

क्रमांक B21/870 दिनांक 19/08/21

## शुभकामना संदेश

मुझे यह जानकर हार्दिक प्रसन्नता हुई कि शासकीय पं. श्यामाचरण शुक्ल महाविद्यालय, धरसींवा रायपुर द्वारा महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका "**विविधा**" का प्रकाशन किया जा रहा है। पत्रिका का प्रकाशन विद्यार्थियों में लेखन एवं पठन-पाठन के प्रति रूचि को बढ़ाता है। महाविद्यालय में पत्रिका का प्रकाशन स्वागत योग्य कदम है।

मुझे विश्वास है कि "**विविधा**" के प्रकाशन से महाविद्यालय के विद्यार्थियों की सृजनात्मक क्षमता में वृद्धि होगी एवं इसके माध्यम से ज्ञान-अर्जन, साहित्य एवं सकारात्मक विचारों से छात्र/छात्राऐं लाभान्वित होंगे।

पत्रिका प्रकाशन के लिए मेरी हार्दिक शुभकामनाऐं।

( उमेश पटेल )

**2020 - 21**




**श्रीमती अनिता योगेन्द्र शर्मा**
विधायक
विधानसभा क्षेत्र क्रं. 47, धरसींवा
जिला-रायपुर (छ.ग.)
मो.नं.: 94242 00122
Email : anitayogendrasharma0012@gmail.com

कार्यालय : दादागुरू कार्यालय, बिलासपुर रोड, सांकरा (निको), रायपुर (छ.ग.) 493 221
निवास : रायपुर-म.क्र. 14, अवनि प्राईड दलदल सिवनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.)
स्थाई निवास : विष्णु निवास, ग्राम-टेकारी, पो.गिरौद तहसील-धरसींवा, जिला-रायपुर (छ.ग.)


क्रमांक : – 1600 दिनांक : 20 / 08 / 2021

## शुभकामना संदेश

पं. श्यामाचरण शुक्ल महाविद्यालय धरसीवां (रायपुर) के द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी वार्षिक पत्रिका 2022–23 "विविधा" का प्रकाशन किया जा रहा हैं, यह जानकर प्रसन्नता हुई। महाविद्यालय की यह प्रत्रिका के माध्यम से छात्र–छात्राओं के रचनात्मक ऊर्जा के विकास, सृजन क्षमता का प्रदर्शन, व्यक्तित्व एवं अभिरूचि को विकसित करने के लिए महाविद्यालय पत्रिका एक सशक्त माध्यम है जिसमें महाविद्यालय के समस्त शिक्षक–शिक्षिकाओं की अहम भूमिका रहती हैं, वार्षिक पत्रिका महाविद्यालय के वर्षभर की गतिविधियों का दर्पण सिध्द होगी।

इस पत्रिका के प्रकाशन हेतु मैं महाविद्यालय परिवार एवं छात्र–छात्राओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देती हूँ।

Anita Sh
(अनिता शर्मा)

2022 - 23

# शास. पं. श्यामा चरण शुक्ल महाविद्यालय

## धरसींवां, जिला -रायपुर (छ.ग.)

**दुर्गेश वर्मा**
अध्यक्ष
जन भागीदारी समिति

मो. 7000728732
9826703343



~ // संदेश // ~

मुझे यह जानकर हार्दिक प्रसन्नता हुई कि शासकीय पं. श्यामाचरण शुक्ल महाविद्यालय, धरसीवा रायपुर द्वारा महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका ''विविधा'' का प्रकाशन किया जा रहा है। छात्राओं के रचनात्मक ऊर्जा के विकास, सृजन क्षमता का प्रदर्शन, व्यक्तित्व एवं अभिरूचि को विकसित करने के लिए महाविद्यालय पत्रिका एक सशक्त माध्यम होती है।

आशा है पत्रिका ''विविधा'' महाविद्यालय की वार्षिक गतिविधियों एवं छात्र/छात्राओं के साहित्यिक, सांस्कृतिक, सृजनात्मकता को विकसित एवं प्रकाशित करने में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

महाविद्यालयीन पत्रिका प्रकाशन के लिए मेरी हार्दिक शुभकामनाएँ।

श्री दुर्गेश वर्मा
अध्यक्ष ( जनभागीदारी समिति)

# -// अनुक्रमणिका //-


| | | |
|---|---|---|
| 1. सस्मरण | - | 02 |
| 2. हिन्दी रचनाएँ | - | 03 - 06 |
| 3. छत्तीसगढ़ी रचनाएँ | - | 07 |
| 4. अंग्रेजी रचनाएँ | - | 08 - 09 |
| 5. विभागीय प्रतिवेदन | - | 10 - 26 |
| • कलासंकाय | | |
| - हिन्दी विभाग | - | 10 |
| - अंग्रेजी विभाग | - | 11 - 13 |
| - इतिहास विभाग | - | 14 |
| - समाज शास्त्र विभाग | - | 15 - 17 |
| • विज्ञान संकाय - गणित | - | 18 |
| - भौतिक | - | 19 - 20 |
| • वाणिज्य संकाय | - | 21 |
| • राष्ट्रीय सेवा योजना | - | 22 - 24 |
| • N.C.C. इकाई | - | 25 |
| • रेड क्रॉस सोसायटी | - | 26 |

# -// संस्मरण //-

चारों ओर अब हर किसी के पास बात करने का अगर कोई विषय है, तो वो है, ''कोविड महामारी''। और हम दोनों तो अपने अध्यापन कार्य से मुक्त होते तो हमारे विषय हर बात पर विस्तार लेते । आज भी हम चर्चा कर रहे थे , कि इस वायरस ने न जाने कितनों के अपनो को छीना । रोज अखबार बिना किसी की मौत के समाचार के शायद छपना ही बंद हो गये है । और देखना, आज मेरे चाचा जी अच्छे हट्टे कट्टे पूर्ण स्वस्थ कल हास्पिटल में एडमिट हुये और आज मौत की खबर । अचानक हमारा वार्तालाप अलग–अलग विषयों की सीमा लाँघता और हम लोग थोड़ी ही देर में जोरदार कहकहा लगाते, शायद यही जिन्दादिली थी मेरी संध्या की । अभी कुछ दिन पहले ही तो हम दोनों ने खुब कॉमेडी की ''सोशल डिस्टेसिंग'' की अरे हाँ सोशल है तो डिस्टेन्स कैसे रखें और दूर है तो सोशल कैसे, वाह–वाह इस कोविड ने तो हमारी अंगेजी सुधार दी बहुत से अंग्रेजी के शब्द सीखे। रोज हमारी गॉसिप में अगर हम हँसे ना तो हमारा दिन अधूरा रहता, सारे दु;ख चोट समस्या गुस्सा सब कुछ कॉलेज आने के बाद खतम । शायद हम दोंनों ही एक दुसरे के डॉक्टर थे । डॉक्टर क्या स्पेशलिस्ट, जिसके पास हर तकलीफ का ईलाज था । इसी दर्द और दुख के साथ साझा वक्त और छोटी–छोटी खुशियों से भरा इस जीवन का सुखद 38 वर्ष कब बीत गया पता ही नही चला । एक दिन फोन की धंटी बजी और खबर थी संघ्या नहीं रही,,,,,,,,,,,और फिर फोन पर फोन नहीं यह स्वपन है ऐसा नही हो सकता पहली बार ऊपर वाले की इस घटना को झुठलाने का प्रयत्न किया बार–बार मगर नहीं नहीं नहीं हर फोन पर एक ही जवाब । दहाड़, रूदन, सिसकिया, मगर सच्चाई नहीं बदली । अब संध्या नहीं आएगी तो सुबह कैसे होगी, बिना संध्या के सुबह कॉलेज के टेबल के पास की मेरी बाजू बाली कुर्सी हर पल हर वक्त मुझे बाजू में संध्या के होने का अहसास दिलाते हैं कहकहे तो गूंजते हैं पर सिसकियो के साथ । शायद ये अकेलापन कभी भरेगा ? कभी नहीं कभी नहीं .... ।



स्मृति शेष

**स्व. डॉ. श्रीमति संध्या सिंगारे**

प्राध्यापक - राजनीति विज्ञान

**डॉ. शबनूर सिद्धीकी**

प्राध्यापक - इतिहास

# कहानी

एक दिन एक किसान का बैल कुएँ में गिर गया । वह बैल घंटो जोर–जोर से रोता रहा और किसान सुनता रहा और विचार करता रहा कि उसे क्या करना चाहिए और क्या नहीं । अंत में उसने निर्णय लिया कि चूंकि बैल काफी बूढ़ा हो चुका था अतः उसे बचाने से कोई लाभ होने वाला नही था और इसलिए उसे कुएँ में ही दफना देना चाहिए ।
किसान ने अपने सभी पड़ोसियों की मदद के लिए बुलाया सभी ने एक– एक फावडा पकड़ा और कुएँ में मिटटी डालनी शुरू कर दी। जैसे ही बैल कि समझ में आया कि यह क्या हो रहा है वह और जोर–जोर से चीख–चीख कर रोने लगा और फिर अचानक वह आश्चर्यजनक रूप से शांत हो गया।
सब लोग चुपचाप कुएँ में मिट्टी डालते रहें तभी किसान ने कुएँ में झाँका तो वह आश्चर्य से सन्न रह गया। अपनी पीठ पर पड़ने वाले हर फावडे की मिट्टी के साथ वट बैल एक आश्चर्यजनक हरकत कर रहा था। वह हिल – हिल कर मिट्टी को नीचे गिरा देता था और फिर एक कदम बढ़ाकर उस पर चड़ जाता था।
जैसे–जैस किसान तथा उसके पड़ोसी उस पर फावड़ों से मिट्टी गिराते वैसे–वैसे उस हिल हिल कर मिट्टी गिरा देता और एक सीढ़ी ऊपर चढ़ आता जल्द ही सबको आश्चर्यचकित करते हुए वह बैल कुएँ के किनारे पर पहुँच गया और फिर कूदकर बाहर भाग गया।
ध्यान रखें आपके जीवन में भी बहुत तरह से मिट्टी फेंकी जायेगी, बहुत तरह की गंदगी आप पर गिरेगी जैसे कि आपकों आगे बढ़ने से रोकने के लिए, कोई बेकार में ही आपकी आलोचना करेगा, कोई आपकी सफलता से ईर्ष्या के कारण आपको, बेकार में ही भला पूरा कहेगा कोई आपसे आगें निकलने के लिए ऐसे रास्ते अपनाता हुआ दिखेगा जो आपके आदर्शों के विरुद्ध होंगें । ऐसे में, आपको हतोत्साहित हो कर कुऐं में ही नहीं पड़े रहना है, बल्कि साहस के साथ हर तरह की गंदगी को गिरा देना है और उससे सीख लेकर उसे सीढ़ी बनाकर बिना अपने आदर्शों का त्याग किये अपने कदमौ को आगे बढ़ाते जाना है।

सकारात्मक रहे, सकारात्मक जिए इस संसार में सबसे बड़ी सम्पत्ति ''बुद्धि'' सबसे अच्छा हथियार ''धैर्य'', सबसे अच्छी सुरक्षा ''विश्वास'' और आश्चर्य की बात कि ''ये सब निःशुल्क हैं।''

**''सोच बदलों जिंदगी बदल जायेगी''**

**मोगंरा साहू**
**बी.एस.सी.**

# "फौजी की जिन्दगी"

धूप में पसीने से सना हूँ
तब जाके मैं फौजी बना हूँ
दिल में मेरे आग सा भड़का था
जिस्म ये वर्दी के लिए तरसा था
मरने से वो डरता नहीं जिसके दिल में देश भक्ति
हो
हार क्यूँ मानना मेरे दोस्त
जब तक बाजुओं में शक्ति हो
घर की याद तो मुझे भी आती है
पर क्या करूँ माँ छुट्टी नहीं मिल पाती है
भाई मेरा छोटा है ना जाने क्या करेगा
इतना पता है मुझे देश के लिए मरेगा
माँ मेरी बूढ़ी है
लेकिन वतन भी जरूरी है
बार्डर पर जो मैने वक्त बिताया है
ड्यूटी नहीं अपना फर्ज निभाया है
मर जाना है देश के अमन के लिए
रोता नहीं मैं जखम के लिए
अगर हो जाऊँ शहीद वतन के लिए
तो तरसुंगा तिरंगा कफन के लिए


–गौरव निर्मलकर
बी.एस.सी. (बायो) प्रथम वर्ष

## सजेगी माँग धरती की (स्वचरित कविता)

सजेगी माँग धरती की.
बजेगी धान की पायल।
कि फिर मोती लुटाने आ गये,
भादो के बादल।
हवाएँ गा उठी सरगम,
मयूरा नाचता छम छम।
नयी कजरी सुनाने आ गये,
भादों के बादल।
कि अलगोजे बजाने गये,
भादों के बादल।।
बजाती बिजलियाँ माँदर,
बनाती क्यारियाँ मंगल।
कि जैसे हाथियों का दल,
चला हो चिरता जंगल।
गगन सर पर उठाये आ गये,
भादों के बादल।
चलेगें दौर झुलों के,
खिलेंगे बाग फुलो के।
किसानों के मगन है दल
बढ़ी हर खेत में हलचल।
सरक कर हल चलाने आ गये,
भादों के बादल।
उड़ती सुरमयी आँचल,
गिरात बूँद गंगाजल।
चले है आँखने नीले,
गगन आँख में काजल।
कि फिर मेंहदी रचाने आ गए,
भादो के बादल।।
कि फिर मोती लुटाने आ गये,
भादो के बादल।

**संगीता विश्वकर्मा**
**बी.एस.सी. (तृतीय वर्ष)**

## गुरू

जो पिता के पैरों को छूता है
वो कभी गरीब नहीं होता ।
जो माँ के पैरों को छूता है
वो कभी बदनसीब नहीं होता।
जो भाई के पैरों की छूता है
वो कभी गमगीन नहीं होती है।
जो बहन के पैरों की छूता है
वो कभी चरित्रहीन नहीं होती है।
जो गुरू के पैरों का हुता है
उस जैसा कोई खुशनसीब नहीं होता

**सुषता शर्मा**
**बी.ए. (द्वितीय वर्ष)**
**विषय – हिन्दी**

# क्रोध की अग्नि

**''क्रोध को पाले रखना गर्म कोयले को किसी और पर फेंकने की नीयत से पकड़े रहने के समान है; इसमें आप ही जलतें हैं।''  – गौतम बुद्ध**

बहुत समय पहले की बात है। आदि शंकराचार्य और मंडन मिश्र के बीच सोलह दिन तक लगातार शास्त्रार्थ चला। शास्त्रार्थ में निर्णायक थी – मंडन मिश्र की धर्म पत्नी देवी भारती। हार–जीत का निर्णय होना बाकी था, इसी बीच देवी भारती को किसी आवश्यक कार्य से कुछ समय के लिए बाहर जाना पड़ गया।

लेकिन जाने से पहले देवी भारती ने दोनो ही विद्वानों के गले में एक–एक फूल माला डालते हुए कहा, ये दोनों मालाएँ मेरी अनुपस्थिति में आपके हार और जीत का फैसला करेगी। यह कहकर देवी भारती वहाँ से चली गई। शास्त्रार्थ की प्रक्रिया आगे चलती रही।

कुछ देर पश्चात् देवी भारती अपना कार्य पुरा करके लौट आई। उन्होने अपनी निर्णायक नजरों से शंकराचार्य और मंडन मिश्र को बारी–बारी से देखा और अपना निर्णय सुना दिया। उनके फैसले के अनुसार आदि शंकराचार्य विजयी घोषित किये गये और उनके पति मंडन मिश्र की पराजय हुई थी। सभी दर्शक हैरान हो गये कि बिना किसी आधार के इस विदुषी ने अपने पति को ही पराजित करार दे दिया। एक विद्वान ने देवी भारती से नम्रतापूर्वक जिज्ञासा की– हे! देवी आप तो शास्त्रार्थ के मध्य ही चली गई थी फिर वापस लौटते ही आपने ऐसा फैसला कैसे दे दिया ?

देवी भारती ने मुस्कुराकर जवाब दिया– जब भी कोई विद्वान शास्त्रार्थ में पराजित होने लगता है, और उसे जब हार की झलक दिखने लगती है तो इस वजह से वह क्रुद्ध हो उठता है और मेरे पति के गले की माला उनके क्रोध के ताप से सूख चुकी है जबकि शंकराचार्य जी के माला के फूल अभी भी पहले की भांति ताजें हैं। इसे ज्ञात होता है कि शंकराचार्य की विजय हुई है। विदुषी देवी भारती का फैसला सुनकर सभी दंग रह गये, सबने उनकी काफी प्रशंसा की।

दोस्तों, क्रोध हमारी वो मनोदशा है जो हमारे विवेक को नष्ट कर देती है और जीत के नजदीक पहुँच कर भी जीत के सारे दरवाजे बंद कर देती है। क्रोध न सिर्फ हार का दरवाजा खोलता है बल्कि रिश्तों में दरार का भी प्रमुख कारण बन जाता है। लाख अच्छाईयाँ होने के बावजूद भी क्रोधित व्यक्ति के सारे फूल रूपी गुण उसक क्रोध की गर्मी से मुरझा जातें हैं।

क्रोध पर विजय पाना आसान तो बिल्कुल नहीं है लेकिन उसे कम आसानी से किया जा सकता है, इसलिए अपने क्रोध के मूल कारण को समझें और उसे सुधारने का प्रयत्न करें, आप पायेंगे कि स्वतः आपका क्रोध कम होता चला जायेगा।

तोरण
एम.ए. राजनिति (चतुर्थ वर्ष)

# –// कविता //–

हमर भाखा हमर बोली
गुरतुर हमर बानी हे
हमर छत्तीसगढ़ महतारी के
इहु एक चिनहारी हे
नी झाको मे एति–ओती
देखतो मे एके कोती
जेती मोर जिनगानी हे
तोर भुइया के खाय हन
चाउर अउ दार ओ
अउ सब्बो झन पीये पानी हे
आनी–बानी के भाजी भाटा
अलकरहा हे अम्मटहा जिमीकान्दा
पताल झोझो के बात का कहो
तिखुर के अपन कहानी हे
बड़े बिहनिया दाई–बबा
जाथे खेत कमाय बर
मंझनिया के डोकरी दाई के बासी
गोदली संग मिठाय हे
ठेठरी,खुर्मी,चीला,फरा
एरसा बरी अउ नुचर्रा
इहि तोर अभिमान हे
हरिहर हरिहर खेतखार हे
हरिहर हे बन अउ भाटा
चारो कोती फैले
श्री राम चंद्र के गाथा हे
सरगुजा ले बस्तर ला ले
कि रईगड़ ले रइपुर
कोनो डहर ते चल दे संगी
हमर रंग रंग के चिन्हारी हे
लाज नी लागय मोला
छत्तीसगढ़िया कहलाय बर
तोरे माटी मा बसथे मोर
कलेजा अउ जी परान हे
मे छत्तीसगढ़ के लइका हो
एकर मोला अभिमान हे
दाई मोला तोर जोहार हे।

**नेहा बंजारे**
कक्षा – बीए – 1

# Interesting Facts about India

1. India is the wettest inhabited place on earth.
2. India has over 3,00,000 mosques and over 20 lakh Hindu temples.
3. Chenab bridge is the highest bridge in the world.
4. You can drive on the world highest motorable road, in India at over 19,300 feet.
5. The popular game "Snakes and ladders" originated in India.
6. India was the first country to mine diamonds.
7. India has 22 recognized languages.
8. In India, A village Shoni Shinganpur with no locks and doors may be the safest on earth.
9. In India, the Kumbh Mela is visible from space.
10. The origin of Ayurveda and Yoga.
11. Around 70% of the world's spices come from India.
12. India has the current largest statue in the world.
13. Shampoo originated in India.
14. Not only does India have the largest network of postal services in the world, but there's a floating post office in India.

# Quotes

A few strike out,
Without map or chart,
When never a man has been,
From the beaten Paths
they draw Apart
to see What no man has seen.

**Edgar A. Guest**

By: **Ayush Dewangan**
(B.sc.)

# Time

How many seconds, in a minute?
Sixty and no more in
How many minutes in a hour?
Sixty, for Sun and shower
How many hours in a day?
Twenty-four, for work and play
How many days in a week?
Seven, both to hear and speak.
How many weeks in a month?
Four, as the swight moon run nth
How many month days in a year?
Twelve, the almanac makes clear.
How many years in an age?
One hundred, says the sage.
How many ages in time?
No one knows the rhyme.

**कल्याणी साहू**
कक्षा – बीए –3 (गणित)

# विभागीय प्रतिवेदन 2020–21
## हिन्दी विभाग

हिन्दी विभाग द्वारा सत्र् 2020–21 में निम्न आयोजन किये गये

**1. विश्व हिन्दी दिवस**– 10 जनवरी 2021 को विभाग के विद्यार्थिय द्वारा विश्व हिन्दी दिवस मनाया गया जिसमें प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इसमें विभाग के तृतीय सेमेहर के 28 छात्र छात्राओं ने भाग लिया ।

2. **शिक्षक पालक सम्मेलन**– दिनांके 13.3.2) 16.01.2021 व 13.3.2021 को एम. हा प्रथम व तृतीय सेमेस्टर के छात्र–छात्रों को ऑनलाईन शिक्षक–पालक सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें कुल 19 विद्यार्थियों के पालक शामिल हुये ।

**3. आमंत्रित व्याख्यान**– बसंत पंचमी के सुअवसर विभाग दिनांक 16,02,2021 महाकवि निराला जयंती पर उनको याद करते हुए निराला व्यक्तित्व एवं कृतित्व विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें रविशंकर वि.वि. रायपुर से डॉ. जी. एस. गौतम द्वारा व्याख्यान दिया गया ।

4. **परीक्षा पर चर्चा** – वि.वि.द्वारा आयोजित सेमेस्टर परीक्षा की तैयारी के दृष्टि से दिनांक रू 10.03.2021 को परीक्षा पर चर्च ऑनलाईन चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें छान–छात्राओं को वि.वि. के परीक्षा प्रणाली व ओ. एम. आर. उत्तर पुस्तिका को भरने व उत्प लिखने संबंधी जानकारी दी गयी ।

5. **शैक्षणिक भ्रमण** – शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम के तहत एम. ए. प्रथम सेमेस्टर के छात्र–छात्राओं को रायपुर के इंडोर स्टेडियम में आयोजित छत्तीसगढ़ साहित्य महोत्सव एवं राष्ट्रीय किताब मेला का भ्रमण कराया गया. जहाँ 2 छात्र–छात्राओं ने साहित्यकारों से चर्चा परिचर्चा की तथा हिन्दी साहित्य की किताबें खरीदी साथ ही प्रकाशकों से मिलकर प्रकाशन की बारीकियाँ जानी ।

# Department Of English

## Report on various activities conducted during the session 2020-21

The session begins with orientation program through virtual medium (online) for new admitted students in B.A. part 1, B.Sc. part 1 and B.Com part 1 . A brief introduction about the department, objectives and aims of learning English Language and Literature has been given by me. Few students have asked what are the future opportunities are if they opt English Literature as an optional subject? The answer has been given which explains and assures them that knowing English is very important for employability and how studies English Literature plays a significant role in developing critical thinking & creative writing.

After three sessions of orientation program whatsapp group has been created to connect with students through online mode. Syllabus has been introduced along with paper pattern and distribution of marks on various units.

Regular classes have been taken both in online mode and in offline when the permission has been given by government to allow students to come college as we all know due to pandemic Covid-19, the session 2020-21 has been very significant and remarkable in use of ICT i.e. Information Communication Technology in Teaching Learning and evaluation.

As per academic calendar 2020-21, internal assessment of students by conducting unit tests, half yearly exam, pre final exams has been done. For the first time 10% weightage has been given on internal assessment for first year students in English Language by Pt. Ravishankar Shukla University, Raipur. Keeping this in view, Internal Assessment of students has been done with utmost attention. Two Invited lecturers have been organized by the department in the session 2020-21 for the benefit of students. The first invited lecturer has been given by the Resource person Dr Shubhra Verma, Asst. Professor & Head, Deparment of English Govt. Navin College, Gudhiyari, Raipur. on December 2nd 2020.

The topic of her lecture was "How to Become an Impressive Speaker in English". In her speech she explained various techniques to develop communication skills, to enrich vocabulary and to enhance confidence. More than 96 students were joined on google meet to attend this invited lecture. It was a wonderful experience for both the organizer and the students to listen to

Dr. Shubhra Verma. Students in their feedback on the lecture expressed thankfulness towards the Resource Person and the Organizer.

The second invited lecture was conducted on 25th March 2021 and the topic was "Orientation toward English Language Preparation for Exams." The resource person for this invited lecturer was Mr. Shailesh Kumar Mishra, Asst. Prof. Head, Department of English, Govt. Chandulal Chandrakar Arts & Science College Patan, Dist.-Durg (C.G.).

98 students joined this lecture and highly appreciate the ppt presentation of the Resource Person. The session was very useful for students to prepare themselves for various exams. Despite of various hurdles due to pandemic the syllabus has been completed before the commencement of the Annual University Exams.

It has been decided to organize a national seminar in the next session to acquaint students with research methodology in English Language & Literature.

It has also been included in the future plan of the department to invite Eminent Resource persons to deliver talks on communication skills, Employability in Learning English and Research Methodology in Humanities (i.e. in Language & Literature).

As for the establishment of Language Lab is concerned, we have already started a talk with Language lab Software provider companies to conduct a seminar on how to use language lab software and the benefits of it. But for that we need computer lab, internet facility and facilitator.

We are submitting a proposal for establishment of Language Lab to the principal very soon.

The performance of students was excellent in the session 2020-21. We are sure that the Annual University Results too will be as per our expectations.

In the coming years the department of English will flourish and will play its significant role in the all round development of its students. The session 2020-21 will be remembered as a milestone in the history of department for use of ICT in Teaching- Learning and evaluation and bringing new era techniques for organizing various activities and events such as invited talks, webinars & seminars, workshops etc.

We are grateful to our Principal Respected Dr.(Smt.) Vinod Sharma mam for guiding and motivating us for continuous professional Development. In Vividha our Students are sending their write-ups for publication. The real motive of learning language is to develop critical thinking and creative writing. We feel

proud to see our student's creativity in this college magazine which will be cherished for future.

We wish all the very best to the students of dept. of English for their endeavor to develop critical thinking and creative writing.

Special thanks to the Editor and entire team of Vividha for giving us space to express.

Thanks a lot.

**H.O.D.**
Dr. Sushma Mishra

# इतिहास विभाग

| | | |
|---|---|---|
| 1. | शैक्षणिक भ्रमण ऐतिहासिक स्थल– सिरपुर छ .ग. | 11.01.2020 |
| 2. | महात्मा गांधी पुण्यतिथि | 30.01.2020 |
| 3. | कला संकाय बी .ए. प्रथम वर्ष उन्मुखी कार्यक्रम | 11.11.2020 |
| 4. | संविधान दिवस | 26.11.2020 |
| 5. | असाइनमेंट बी .ए. प्रथम वर्ष/ प्रथम, द्वितीय इकाई प्रश्नोत्तर | 30.11.2020 |
| 6. | प्रतियोगिताएँ एवं व्याख्यान, क्विज, पोस्टर, निबंध | 12.10.2021 से 14 .10.2021 तक |
| 7. | ऑनलाईन कक्षा सेमिनार बी .ए. प्रथम वर्ष | 22.02.2021 |
| 8. | अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस | 08.03.2021 |
| 9. | दाण्डी मार्च दिवस | 12.03.2021 |
| 10. | व्याख्यान माला (तीन दिवसीय) | 05.03.2021 से 07 .03.2021 तक |
| 11. | जलियावाला बाग हत्याकांड दिवस अमृतसर | 13.04.2021 |
| 12. | ग्राम मोहदा मंदिर (ऐतिहासिक धरोहर का महत्व) | |

**विभागाध्यक्ष**
**डॉ. शखनूर सिद्दीकी**

# Departmental Report

## *Department of Sociology*
## *(Session 2020-21)*

The department of Sociology has performed various activities during the session 2020-21 as according to the academic calendar. Following are the details about the academic and other activities performed by the department-

10.11.2021- **Orientation Programme** was organized by the faculty of Arts in which Department of Sociology individually orient newly admitted students to start their journey as graduating student and also guided them about their carrier as well as Program and Course outcomes.

13.01.2021- **Guest Lecture Program was** organized on the topic "**Carrier Guidance for Competitive Examinations**" The chief guest and Speaker of this program was Mr. Dhananjay Kumar Netam, S.D.M. Pakhanjur Dist. Kankar C.G. The Program was organized in digital platform of google meet and more than 90 students from all the faculties of the institution were joined the program and get benefited.

19.01.2021- Class seminar organized for the class B.A.I year.

| S.N. | Name of St udent | Class | Topic |
|---|---|---|---|
| 1. | Ku. Jyoti Sahu | B.A.I | "Study of Sociology " |
| 2. | Ku. Chandrakiran Dewangan | B.A.I | "Theory of Karma " |
| 3. | Ku. Alka Pandey | B.A.I | "Varna Vyavastha " |

22.03.2021- **"Field Trip to Police Station of Block Dharsiwa, Dist. Raipur C.G."** was organized for B.A.II year students. As in syllabus of B.A.II year contains topic **Crime and Society** so that students have been visited to Police station and observe the functioning of police services in the society. Total number of participants was 10, as we are going through the tough times of Covid-19 Pandemic so that all the safety regarding SOP has been followed by us.

23.03.2021 to 25.03.2021 **"Three days Lecture Series"** was organized by the department so that students get benefited by the lectures of all three Eminent Speakers in various topics related with their curriculum. Following is the detailed description of the program:-

| N. | Date | Speaker | Institution Name | Topic |
|---|---|---|---|---|
| . | 23/03/21 | Ms. Lalita Sahu<br>Assistant professor | Government Digvijay College, Rajnandgaon,C.G. | " Social Structure of Ancient India " |
| . | 24/03/21 | Dr. Crecensia Baxla<br>Assistant professor | Late Shree Jagdev Satpahari Govt. College, Basna, Dist. Mahasamund, C.G. | "Crime and Society" |
| . | 25/03/21 | Dr. Jitendra Premi<br>Associate Professor | SOS in Anthropology, Pt. Ravishankar Shukla University, Raipur C.G. | "Tribal Sociology" |

- Since 2017-18 every year ' Late Mr. Philip Kujur Memory' Gold Medal' award was given to best one student of Sociology. But due to Covid -19 Pandemic this year Gold Medal is not distributed.

Apart from this the department is actively engaged in doing research activities. During the session 2020-21 one Mini Research Project of Rs. Five Lakhs titled **“Socio-economic Status of Hill Korwa in present scenario of Covid-19 Pandemic: an Empirical study in Chhattisgarh State”** was proposed to CCOST, Raipur C.G. One research paper title **"Bharat main Corona Mahamari Niyantran ki Niti evam Janjeewan per Prabhav: Samajshastriy Adhyan"** was published in UGC Care listed Journal in this session. The faculty has participated in national level seminars and workshops etc. during the session.

Head of The Deparment
**Dr. Rashmi Kujur**
Assistant Professor
Sociology

# गणित विभाग

महाविद्यालय में गणित विषय में स्नातक स्तर पर कक्षाएँ 80 सीटों एवं स्नातकोत्तर स्तर पर कक्षाएँ 15 सीटों के साथ संचालित है। कोरोना संक्रमण जैसी वैश्विक महामारी के इस दौर में गणित विभाग द्वारा सत्र 2020–21 में विभागीय गतिविधियों ऑनलाइन आयोजित की गई। जिसमें सत्र के प्रारंभ में नव प्रवेशित छात्र / छात्राओं के लिए उन्मुखीकरण कार्यक्रम ऑनलाइन गूगल मीट पर आयोजित किया गया, जिसमें विज्ञान संकाय के सभी प्राध्यापकों, सहा. प्राध्यापकों द्वारा संबंधित विषय की जानकारी दी गई। गणित विभाग के छात्र / छात्राओं के लिए पांच दिवसीय विज्ञान व्याख्यान श्रृंखला (5Days Science Lecture Series)के अंतर्गत दिनांक 26–11–2020 को गणित विषय में “Basic Concepts Related to Calculus” पर डॉ. नियति गुरुद्वान सहायक प्राध्यापक शासकीय जे. योगानंदम् छत्तीसगढ़ महाविद्यालय रायपुर द्वारा व्याख्यान दिया गया। राष्ट्रीय गणित दिवस के उपलक्ष्य में “Science Week cum National Mathematics Day”– 2020 का आयोजन किया गया, जिसमें पोस्टर प्रतियोगिता, वाद विवाद, निबंध लेखन इत्यादि विधाएँ ऑनलाइन आयोजित की गई, जिसमें छात्र / छात्राओं की प्रतिभागिता सराहनीय रही। साथ ही राष्ट्रीय गणित दिवस 22–12–2020 को एक अतिथि व्याख्यान भी आयोजित किया गया, जिसमें डॉ. संजीव आनंद साहू (IIT,(ISM),Dhanbad ) के द्वारा "life & works of Shrinivas Ramanujan” विषय पर छात्र/छात्राओं को संबोधित किया गया। National Science Day के उपलक्ष्य में 3Days Lecture Series विज्ञान संकाय द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें 27–02–2021 को अतिथि व्याख्यान डॉ. संजीव साहू (IIT,(ISM),Dhanbad ) द्वारा Integral Calculus पर दिया गया। समय–समय पर छात्र/छात्राओं के Unit test एवं Half yearly Exam भी लिए गये। स्नातकोत्तर कक्षाओं के छात्र / छात्राओं का सेमिनार (Class Seminar) ऑनलाइन आयोजित किए गए। विभागाध्यक्ष द्वारा IIT, Guwahati द्वारा आयोजित International e-conference मे शोध पत्र प्रस्तुत किया गया। साथ ही National Webinar में भी प्रतिभागिता रही। अभी हाल ही में दिनांक 3 जुलाई 2021 को गणित विभाग द्वारा एक दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का ऑनलाइन आयोजन Google Meet पर किया गया। जिसमें राज्यों से लगभग 170 प्रतिभागियों ने भाग लिया एवं 37 Abstracts प्राप्त हुए। सेमिनार में दो अतिथि व्याख्यान आयोजित किए गए तथा तीन तकनीकी सत्र में 27 शोधपत्र प्रस्तुत किए गए। सभी तकनीकी सत्र में सत्र की अध्यक्षता एवं निर्णायक मंडल के रूप में विभिन्न राज्यों के IIT, महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालयों के विषय विशेषज्ञ आमंत्रित थे। सेमिनार में तीन प्रतिभागियों को Best Oral Presentation Award भी प्रदान किया गया।

**H.O.D.**
Dr. Nidhi Dewangan

# Department of Physics

## Academic activities and achievements during the session 2020-21

The department of physics has conducted various activities during the academic session 2020-21 as according to the academic calendar. Online lectures, videos, class room seminars, tests etc. are regular activities. In the beginning of the session after the admission process, the orientation program was of conducted by the faculty of science for the new students on Google meet platform. 5 days lectures series was organized during 23rd -27th Nov. 2020. Invited speakers from others colleges and universities delivered lectures on topics belonging to the course curriculum. Science week cum National Mathematics day 2020 was celebrated during 17th-22nd Dec. 2020. In the month of January parents- teachers meeting was conducted virtually through Google meet platform. National Science Day was celebrated on 1st March 2021 on which Dr. Kamal Pandey, Assistant professor of Physics, KKC, university of Lucknow has delivered lecture on Theory of Electromagnetic Induction. On 17th of March 2021 thirty -two students of B. Sc. III year (Math's group) have participated in National Webinar on Science and Technology for innovations, Entrepreneurship and jobs organized by SOS in electronics, Pt. Ravishankar Shukla University Raipur. On 22 March 2021 on occasion of World Water Day an online lecture was conducted in which Dr. Preeti Soni addresses the students and discussed about the importance of celebrating this day. On 5th June on the occasion of Environment Day the department has organized invited lectures, poster and quiz competition in collaboration with department of Botany. Apart from the academic activities the department is actively pursuing research activities. In the month of June on 26th day it has organized a National Seminar on "Characterization and Processing of Advanced Materials" and released the book of abstracts. In this academic year three research papers were published in International Science Citation Indexed Journals. Also, the faculty has presented research paper in National conference. On 28th Feb. 2021 on the occasion of National Science Day the faculty has delivered an invited talk at Govt. TCL PG College Janjgir, Dist-Janjgir-Champa. In this Session Dr. G Nag Bhargavi has been awarded with Young Researcher Award- 2021 by Institute of Scholars, Bengaluru, Karnataka.

to Dr. Shubhra Verma. Students in their feedback on the lecture expressed thankfulness towards the Resource Person and the Organizer.

The second invited lecture was conducted on 25th March 2021 and the topic was "Orientation toward English Language Preparation for Exams." The resource person for this invited lecturer was Mr. Shailesh Kumar Mishra, Asst. Prof. Head, Department of English, Govt. Chandulal Chandrakar Arts & Science College Patan, Dist.-Durg (C.G.).

98 students joined this lecture and highly appreciate the ppt presentation of the Resource Person. The session was very useful for students to prepare themselves for various exams. Despite of various hurdles due to pandemic the syllabus has been completed before the commencement of the Annual University Exams.

It has been decided to organize a national seminar in the next session to acquaint students with research methodology in English Language & Literature.

It has also been included in the future plan of the department to invite Eminent Resource persons to deliver talks on communication skills, Employability in Learning English and Research Methodology in Humanities (i.e. in Language & Literature).

As for the establishment of Language Lab is concerned, we have already started a talk with Language lab Software provider companies to conduct a seminar on how to use language lab software and the benefits of it. But for that we need computer lab, internet facility and facilitator.

We are submitting a proposal for establishment of Language Lab to the principal very soon.

The performance of students was excellent in the session 2020-21. We are sure that the Annual University Results too will be as per our expectations.

In the coming years the department of English will flourish and will play its significant role in the all round development of its students. The session 2020-21 will be remembered as a milestone in the history of department for use of ICT in Teaching-Learning and evaluation and bringing new era techniques for organizing various activities and events such as invited talks, webinars & seminars, workshops etc.

We are grateful to our Principal Respected Dr.(Smt.) Vinod Sharma mam for guiding and motivating us for continuous professional Development. In Vividha our Students are sending their write-ups for publication. The real motive of learning language is to develop critical thinking and creative writing.

We feel proud to see our student's creativity in this college magazine which will be cherished for future.

We wish all the very best to the students of dept. of English for their endeavor to develop critical thinking and creative writing.

Special thanks to the Editor and entire team of Vividha for giving us space to express.

Thanks a lot.

**H.O.D.**
Dr. G. Nag Bhargavi

# वाणिज्य - संकाय

## वाणिज्य–संकाय
(वार्षिक रिपोर्ट 2020–21)

महाविद्यालय में वाणिज्य विभाग की स्थापना सत्र 2017–18 में हुई है । सत्र 2020–21 में बी.कॉम. प्रथम वर्ष में कुल 79 एवं द्वितीय वर्ष में कुल 63 एवं बी.कॉम. तृतीय में कुल 47 छात्र–छात्राएँ अध्ययनरत रहे । वाणिज्य संकाय में सहायक प्राध्यापक के कुल 3 स्वीकृत पदों पर नियमित सहायक प्राध्यापक नियुक्त हैं । सत्र 2020–21 कोविड –19 से प्रभावित रहा एवं वर्चुअल माध्यम से छात्र–छात्राओं हेतु कार्यक्रम आयोजित किये गये । वाणिज्य संकाय की गतिविधियां संक्षिप्त रूप में प्रस्तुत हैं–

- वाणिज्य विभाग में सत्र 2019–20 से सीट संख्या में वृद्धि के साथ 80 हो गई है।
- सत्र का प्रारंभ नवप्रवेशित छात्र–छात्राओं के लिए उन्मुखीकरण कार्यक्रम दिनांक 10.11.2020 को आनलॉइन माध्यम से आयोजित किये जाने के साथ हुआ।
- छात्र–छात्राओं द्वारा विभिन्न विषयों से संबंधित पावरपाइंट प्रेजेन्टेशन तैयार किया गया। साथ ही विभाग स्तर पर सहायक प्राध्यापकों द्वारा छात्र–छात्राओं हेतु विषय से संबंधित प्रश्नोत्तरी का आयोजन भी किया गया।
- विभाग द्वारा तीन दिवसीय अकादमिक गतिविधियों के अंतर्गत दिनांक 13.01.2021 को व्यक्तित्व विकास एवं कैरियर मार्गदर्शन विषय पर ऑनलाइन व्याख्यान का आयोजन किया गया । मोटिवेशनल स्पीकर श्री रूपेश दुबे द्वारा विषय के विभिन्न आयामों पर चर्चा की । व्याख्यान में 100 से अधिक छात्र–छात्राएं लाभान्वित हुए।
- जी.एस.टी. के विषय में विद्यार्थियों को जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से दिनांक 04.03.2021 को ऑनलाइन व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें विषय से संबंधित उपयोगी एवं महत्वपूर्ण जानकारी डॉ. गौरव शर्मा द्वारा प्रदान की गई एवं छात्र–छात्राओं के प्रश्नों का समाधान भी किया गया। व्याख्यान में 100 से अधिक छात्र–छात्राओं द्वारा अपनी सहभागिता प्रदान की गई ।
- वाणिज्य संकाय की सहायक प्राध्यापक डॉ सुनीता दुबे द्वारा रेडक्रॉस प्रभारी के रूप में महाविद्यालय में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया ।
- वाणिज्य संकाय के सहायक प्राध्यापक डॉ. संजय कुमार सिंह ने एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी के रूप में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया।
- वाणिज्य विभाग एवं महिला समिति द्वारा संयुक्त रूप से "महिला सुरक्षा कानूनी प्रावधान" विषय पर दिनांक 08 मार्च 2021 को ऑनलाइन माध्यम से व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ प्रिया राव द्वारा छात्राओं को महिलाओं से संबंधित

**H.O.D.**
Dr. G. Nag Bhargavi

## National Service Scheme(NSS)

## Annual Report 2020-21

The National Service Scheme of 100 units working successfully from year 2017. Previously the unit has organized various camps in different villages of Dharsiwa block but in this session due to Covid-19 Pandemic and order by the Government no camps were organized in this session. But where there is a will there is a way NSS unit has organized various activities shown bellow:-

**12.01.2021** On the occasion of National Youth Day, institution's NSS unit celebrated the day by memorizing tremendous works done by Swami Vivekananda.

Total Volunteers 43

**16.01.2021** During the period of Covid-19 pandemic it become necessary to keep campus safe and hygienic, for that NSS unit is taken the responsibility and sanitization(Bleaching) process has been undertaken in the institution under NSS Supervision.

Total Volunteers 07

**02.02.2021** Sanitization (Bleaching) process has been undertaken in the institution under NSS Supervision.

Total Volunteers 07

**22.03.2021** **(Collaborative Activity)** As a collaborative work institution's NSS unit, local industrial organization and Police station Dharsiwa jointly done sanitization process for the entire campus.

Total Volunteers 10

**05.06.2021** On the occasion of World Environment Day, National webinar organized by NSS unit, the webinar was hosted on Google meet virtual platform. In this occasion two resource persons are invited for lecture. The first Eminent Speaker was Shri. Brijlal Patel, Incharge Principal and Assistant Professor of Geography, Govt. Naveen College Pirda, Dist. Mahasamund. The Second speaker was Dr. Tike Singh, Assistant Professor, Geography, Pt, Ravishankar Shukla University, Raipur, (C.G.). In the webinar more than nine hundred delegates are registered from various states of India including Chhattisgarh.

**05. and 07.07.2021** **(Collaborative Activity)** NSS unit of the institution jointly worked with C.H.C. Dharsiwa and Govt. Girls School, Parastarai Dharsiwa for Covid-19 Vaccination Camp, organized in the campus of Govt. Girls School, Parastarai Dharsiwa. NSS unit aware students about their vaccination for them and for their family too and for that they were invited to join the vaccination camp for vaccination. Few students and some teaching and non teaching staffs were get vaccinated under this program.

**03.08.2021** Plantation program has been conducted by NSS Volunteers in the institutions campus. More than 15 volunteers are present in this program and institution's head, Principal Dr. Smt. Vinod Sharma madam also planted some saplings and encourage students to plant and protect trees.

**12.08.2021** One day national webinar was jointly organized by the department of English, NCC and NSS on 'Youth and Migration' on the

occasion of International Youth Day. The invited guest of honour for the webinar was Major Surekha Rao, Adm office, 8CG Girls BN NCC, Raipur and The invited speakers in this webinar are Dr. Nister Kujur, Associate Professor, S.O.S. in Sociology and Social Work, Pt. Ravishankar Shukla University, Raipur C.G. and the second speaker was Dr, Neeta Bajpai, Program Coordinator, NSS and ETI Pt. Ravishankar Shukla university, Raipur C.G.

**Outstanding Works performed by NSS Volunteers**

As we all are facing various challenges during this Covid-19 Pandemic since last one and a half year. NSS volunteers have taken responsibility to aware people of their surrounding about Covid-19, most of the students are from villages so that they can easily spread awareness to their neighbors and other community members of their village. Throughout the year during pandemic they perform this activity. As we know all students are stuck in their homes and schools and colleges are shutdown due to pandemic, One NSS Volunteer named Ku. Neha Verma taken the responsibility to teach school going children of her village Nagargaon of Dharsiwa Block and she teaches them throughout the year during pandemic. Total Volunteers 05

Dr. Sanjay Ku. Singh
**Program Officer, NSS**

Dr. Rashmi Kujur
**Member, NSS**

Dr. Smt. Vinod Sharma
**Principal**

# एन.सी.सी. इकाई रिपोर्ट 2020-21

महाविद्यालय में एन.सी.सी. इकाई सत्र 2018–19 से प्रारंभ की गई है।(8 CG Girls NCC बटालियन) 08 सी.जी. गर्ल्स एन.सी.सी. बटालियन, रायपुर (छ.ग.) से सम्बद्ध इस एन.सी.सी. इकाई में कुल 53 स्थान (सीट्स) उपलब्ध है। एन.सी.सी. प्रथम वर्ष में सत्र 2020–21 में कुल 19 कैडेट्स ने प्रवेश लिया, एन.सी.सी. द्वितीय वर्ष तथा तृतीय वर्ष में क्रमशः 26 तथा 08 कैडेट्स प्रवेशित थे। प्रशिक्षण कक्षाएँ ऑनलाईन माध्यम से संचालित की गई तथा शासन से अनुमति लेकर एन.सी.सी. 'बी' तथा 'सी' सर्टिफिकेट परीक्षा में पात्रता हेतु कैडेट्स के लिए क्रमशः तीन तथा पांच दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन 08 सी.जी. एन.सी.सी. गर्ल्स बटालियन द्वारा किया गया जिसमें महाविद्यालय के एन.सी.सी. इकाई में 'बी' सर्टिफिकेट हेतु 17 कैडेट्स ने तथा 'सी' सर्टिफिकेट हेतु 06 कैडेट्स उपस्थिति दर्ज कर प्रशिक्षण प्राप्त किया।

कैडेट्स के एन.सी.सी. पाठ्यक्रम से संबंधित ऑनलाईन व्हिडियो (online video) लेक्चर्स वाट्सएप्प ग्रूप में शेयर किए गए तथा एन.सी.सी. प्रशिक्षण हेतु उपयुक्त विभिन्न जानकारी (स्टडी मटेरियल) पाठ्यक्रम संसाधन भी कैडेट्स को ऑनलाईन माध्यम से उपलब्ध कराया गया।

विभिन्न गतिविधियों जैसे वृक्षारोपण (पौधरोपण), अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस, स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस, कारगिल विजय दिवस, एन.सी.सी. दिवस में कैडेट्स को ऑनलाईन माध्यम से विभिन्न ज्ञानवर्धन वीडियोस, यू–ट्यूब लिंक्स से जुड. कर सक्रिय सहभागिता हेतु समय–समय पर दिशानिर्देश तथा मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

रक्षा मंत्री जी द्वारा विमोचित Mobile App for NCC CADETS में कैडेट्स पंजीकृत (रजिस्टर्ड) हुए तथा वैश्विक महामारी कोविड–19 से बचाव एवं सुरक्षा हेतु मोबाईल एप्प से प्रशिक्षण प्राप्त कर सर्टिफिकेट भी प्राप्त किए।

स्वच्छ भारत अभियान, पर्यावरण बचाव अभियान, 'Save Water Save Earth' इत्यादि विषयों पर कैडेट्स नें पोस्टर्स बनाए तथा बटालियन के वाट्सएप्प ग्रूप में प्रेषित किए।

'बी' सर्टिफिकेट तथा 'सी' सर्टिफिकेट परीक्षा का आयोजन अप्रैल 2021 में रायपुर में किया गया जिसमें 'बी' सर्टिफिकेट में 17 तथा 'सी' सर्टिफिकेट में 06 कैडेट्स सम्मिलित हुए।

सत्र 2020–21 में एन.सी.सी. के कैडेट्स ने सूचना एवं प्रौद्योगिकी संसाधनों (ICT) का शिक्षा एवं प्रशिक्षण में महत्व एवं उपयोगिता को समझा और उसका शत प्रतिशत उपयोग किया।

# शासकीय पं. श्यामाचरण शुक्ल महाविद्यालय धरसींवा, रायपुर (छ.ग.)

## यूथ रेड क्रास (Youth Red Cross)
## सत्र 2020–21

महाविद्यालय में पंजीकृत यूथ रेड क्रास सत्र 2017–18 से कार्यरत है। सत्र 2020–21 के लिए प्राचार्य की अध्यक्षता में यूथ रेड क्रास समिति का गठन किया गया । जिसमें प्राचार्य अध्यक्ष एवं सहायक प्राध्यापक, क्रीड़ा अधिकारी, एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी सदस्य हैं । साथ ही वाणिज्य, कला एवं विज्ञान संकाय से एक–एक छात्र प्रतिनिधि शामिल हैं । रेड क्रास यूनिट द्वारा सत्र में कोविड 19 के दौर में स्वास्थ्य और सुरक्षा से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया।

- सत्र के प्रारंभ में महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं को ऑनलाइन माध्यम से यूथ–रेड क्रास के उद्देश्य कार्य एवं वार्षिक गतिविधियों के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।

- दिनांक 12.03.2021 को यूथ रेड क्रास यूनिट द्वारा कोविड 19 के दौर में "पोषक आहार और योग की भूमिका" विषय पर ऑनलाइन व्याख्यान आयोजित किया गया जिसमें डॉ. अदिति सत्यार्थी फिजियोथेरेपिस्ट, योग एवं पोषण आहार विशेषज्ञ द्वारा व्याख्यान दिये जाने के साथ ही छात्र–छात्राओं की व्यक्तिगत समस्याओं का निराकरण भी किया गया । व्याख्यान में 100 से अधिक छात्र–छात्रायें उपस्थित रहे ।
- दिनांक 09.05.2021 को कोविड 19 टीकाकरण के प्रति जागरूक किये जाने हेतु "कोविड 19 टीकाकरण – लाभ एवं आवश्यकता" विषय पर ऑनलाइन माध्यम से व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में डॉ श्वेता रैना एम.डी फिजिशियन द्वारा विषय से संबंधित उपयोगी एवं महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान किये जाने के साथ छात्र–छात्राओं के प्रश्नों का समाधान भी किया गया। व्याख्यान में 100 से अधिक छात्र–छात्रायें उपस्थित रहे

- दिनांक 01.06.2021 को "कोविड 19 संक्रमण से ठीक होने के पश्चात् आने वाली समस्याएं और देखभाल" विषय पर आनलाइन माध्यम से व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में डॉ अंजली पाल, एडीशनल प्रोफेसर, एम्स रायपुर द्वारा विषय से संबंधित उपयोगी एवं महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान किये जाने के साथ छात्र–छात्राओं के प्रश्नों का समाधान भी किया गया। व्याख्यान में 100 से अधिक छात्र–छात्रायें उपस्थित रहे

- दिनांक 21.06.2021 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर मेडिटेशन सेशन का आयोजन किया गया । सेन्टर फार पीस एंड इलुमिनेशन की डायरेक्टर द्वारा यूएसए से जुड़कर ध्यान और योगा के महत्वपूर्ण अभ्यासों को कराए जाने के साथ इसकी उपयोगिता एव महत्व को भी बताया ।

उपरोक्त कार्यक्रमों को कराए जाने के साथ ही रेडक्रास यूनिट महाविद्यालय में साफ–सफाई, कोविड –19 नियमों के पालन, पालीथिन फ्री वातावरण बनाए जाने हेतु भी निरंतर प्रयासरत है ।

प्रभारी रेड क्रास
(डॉ. सुनीता दुबे)

प्राचार्य
शासकीय पं. श्यामाचरण शुक्ल महाविद्यालय
धरसींवा रायपुर (छ.ग.)



( स्व. डॉ. संध्या सिंगारे )


**विनम्र श्रंद्धाजलि**

महाविद्यालय के ऊर्जावान, मृदुभाश्वी, राजनीति विज्ञान के विदुश्वी प्राध्यापक डॉ. संध्या सिंगारे वै विक महामारी कोरोना संक्रमण से दिनांक 15.04.2021 को भारीरिक रूप से महाविद्यालय परिवार के बीच नहीं रहीं।

महाविद्यालय परिवार की ओर से उन्हें विनम्र श्रद्धाजलि।




National Seminar on "Characterization and Processing of Advanced Materials- 2021" By Department of Physics




National Seminar on "Modeling and Simulation (The Applied World of Mathematics)-(MS - 2021)" By Department of Mathematic Date: 3rd july 2021




समाज शास्त्र विभाग




स्नातकोत्तर हिन्दी विभाग